दैनिक भास्कर 13-08-2023

जीएमएन कॉलेज में एंटी-रैगिंग पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में एंटी रैगिंग सेल की ओर से एंटी-रैगिंग पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम किया गया। उद्घाटन प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को कॉलेज की रैगिंग विरोधी नीति का पालन करने का निर्देश देते हुए बताया कि कॉलेज में रैगिंग के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है। डॉ. सीमा कंसल, एंटी रैगिंग सेल व महिला सेल की संयोजक ने छात्रों को उच्च शिक्षण संस्थाओं में ऐसी गतिविधियों में शामिल होने के कानूनी परिणामों के बारे में बताया। कार्यक्रम में लगभग 81 छात्रों ने भाग लिया। मौके पर डॉ. अनुराधा, डॉ. अमित, डॉ. राकेश, डॉ. एसएस कुंडू मौजूद रहीं।